# BAGHPAT POLICE

## थाना कोतवाली बागपत

दिनांक 28-10-2026

**थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 744/26 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**



बागपत पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 667/26 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये 01 अभियुक्त गौरव पुत्र रधेश निवासी ग्राम बाघू थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से 01 पीस स्टार्टर, 04 पीस कटाउट, केबिल थ्री फेस 06 टुकडे (लगभग 11 मीटर) बरामद हुए हैं।

baghpatpolice

# Meticulous Investigation & Prosecution

## BAGHPAT POLICE

**"ऑपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में नाबालिग से छेडछाड करने की घटना कारित करने के आरोपी अशजद को पुलिस और अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी किए जाने पर 10 वर्ष के कारावास व 15000 रुपये अर्थदण्ड की सजा-**



अवगत कराना है कि अभियुक्त अशजद पुत्र अरशद निवासी ग्राम भूरा थाना कौराना जनपद शामली के द्वारा नाबालिग के साथ छेडछाड करने की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बडौत पर मु0अ0सं0 382/2023 धारा 363/376(3) भादवि व 3/4(1) पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित किया गया था तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक बागपत के निर्देशन में पुलिस व अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी की गयी, जिसके परिणामस्वरुप दिनांक 28.10.2026 को मा0 न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट-05 जनपद बागपत द्वारा अभियुक्त अशजद को दोषी पाते हुये 10 वर्ष के कारावास व 15 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है।



नि0 श्री पप्पू सिंह ठैनुआ प्रभारी मॉनिटरिंग सैल



श्री नरेन्द्र पंवार विशेष लोक अभियोजक

नि0 श्री चन्द्रकान्त यादव विवेचक



है0का0 कुलदीप मान कोर्ट पैराकार

@baghpatpolice baghpatpolice Baghpat Police